Regarding need to increase and operate Paddy Procurement Centres in Uttar Pradesh throughout the year and to make Urea, Potash and DAP available in the State-Laid

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) **:** आज मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और बलरामपुर आकांक्षी जिलों सहित पूरे प्रदेश का किसान परेशान और बदहाल है । किसानों को मजबूरी में अपनी धान की फसल ₹15₹16 प्रति किलो बिचौलियों को बेचनी पड़ रही है । इन्हें MSP का लाभ नहीं मिल रहा है । धान क्रय केन्द्र केवल सीज़न में खोले जाते हैं । इन्हें स्थायी रूप से पूरे वर्ष न चलाना बिचौलियों द्वारा शोषण को बढ़ा रहा है । जो क्रय केन्द्र खुले भी हैं , उनमें भी खरीद बहुत सुस्त चल रही है । ऐसे में किसानों को उनकी मेहनत की फसल औनेपौ ने दा मों में बेचनी पड़ रही है । साथ ही श्रावस्ती और बलरामपुर सहित उत्तर प्रदेश और देश के कई जिलों में यूरिया, DAP, पोटाश, डाई और खाद का गंभीर अभाव है । किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं । अतः मेरी भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग है कि धान क्रय केन्द्रों को वर्ष भर स्थायी रूप से संचालित किया जाए, इनका विस्तार किया जाए और हर 510 किलोमीटर पर केंद्र स्थापित किया जाए, ताकि किसान जब चाहे अपनी फ़सल बे च सके , उन्हें उचित MSP प्राप्त हो सके, और बिचौलियों के शोषण से बच सके । साथ ही यूरिया, पोटाश, डाई और DAP खाद की पर्याप्त व्यवस्था की जाए ।